# आनंदालय

## बोर्ड पूर्व परीक्षा

## कक्षा : दसवीं

विद्या सवर्थि साधिका

| | |
|---|---|
| विषय : हिंदी 'ब' (085) | अधिकतम अंक : 80 |
| दिनांक : 08-01-2026 | निर्धारित समय : 3 घंटे |

**सामान्य निर्देश :-**

1. यह प्रश्न पत्र चार खण्डों में विभाजित है - 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'
2. प्रश्नपत्र में कुल 16 प्रश्न हैं | सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
3. प्रश्नपत्र में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं |
4. प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए |

**खंड - 'क'**

**(अपठित बोध)**

1. नीचे दिए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए:

पीने के पानी की समस्या दिनोंदिन भयावह रूप लेती जा रही है। इसका मुख्य कारण पारंपरिक जल स्रोतों का लगातार सूखते जाना, ज़मीन के अंदर जल स्तर का नीचे जाना और जल स्रोतों का प्रदूषित होना है। यही कारण है कि जिस गति से जनसंख्या बढ़ रही है लोगों को पीने के पानी की कमी होती जा रही है और यह समस्या सिर्फ शहरों में ही नहीं बल्कि गाँवों में भी अपने पाँव पसार रही है।

नदियाँ और ज़मीन के भीतर का जमा जल ही मुख्य रूप से हमारे पारंपरिक जल स्रोत हैं। लेकिन बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण के कारण वैश्विक तापमान बढ़ने से पहाड़ों पर जमी बर्फ अब जल्दी पिघलने लगी है, जिससे नदियों में वर्षभर पानी नहीं आ पाता। बरसात की कमी या वर्षा जल का सही संरक्षण न हो पाने के कारण एक ओर ज़मीन उचित मात्रा में जल सोख नहीं पाती तो दूसरी ओर आधुनिक संयंत्रों से धरती और नदी के जल का अधिक दोहन होने लगा है। हर साल ज़मीन के नीचे जितना जल संचय नहीं होता उससे अधिक पानी खींच लिया जाता है। इस तरह सदियों से संचित जल का स्तर काफी नीचे चला गया है। सरकार अब वर्षा जल के संग्रहण के लिए लोगों को प्रोत्साहित कर रही है, जिसे 'जल-खेती' के नाम से जाना जाता है। वर्षा-जल संग्रहण, पारंपरिक जल स्रोतों के दोहन और जल प्रदूषण पर रोक लगाकर ही इसका समाधान किया जा सकता है। हमारे आनंदालय में भी वर्षा-जल संग्रहण हेतु पुनर्भरण कुआँ (रिचार्ज वेल) खुदवाया है ताकि देश की भावी पीढ़ी इससे प्रेरणा प्राप्त कर सके |

(i) गद्यांश के आधार पर पीने के पानी की समस्या का भयावह रूप धारण करने का कारण नहीं है: (1)

(क) पारंपरिक जल स्रोतों का सूखते जाना (ख) भू-जल स्तर का निरंतर कम होना

(ग) जल स्रोतों का दिनोंदिन प्रदूषित होना (घ) वैश्विक स्तर पर जलवायु में परिवर्तन होना

(ii) निम्नलिखित कथन और परिणाम को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए : (1)

कथन: संचित जल से अधिक भू-जल विभिन्न माध्यमों से निकाला जा रहा है।

परिणाम: भू-जल स्तर दिन प्रतिदिन नीचे जाता जा रहा है।

विकल्प :

(क) कथन सही है, लेकिन परिणाम ग़लत है।

(ख) कथन और परिणाम दोनों सही हैं।

(ग) कथन ग़लत है, लेकिन परिणाम सही है।

(घ) कथन और परिणाम दोनों ग़लत हैं।

(iii) 'जल-खेती' से अभिप्राय है: (1)

(क) जल का संग्रहण (ख) जल का संरक्षण (ग) जल के लिए खेती (घ) जल में खेती

(iv) वैश्विक तापमान में वृद्धि का क्या दुष्प्रभाव देखने को मिल रहा है ? (2)

(v) धरती के जल स्तर में आने वाली गिरावट के कारणों की समीक्षा कीजिए। (2)

2. नीचे दिए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए:

जैविक खेती कृषि की एक ऐसी विधि है जो फ़सल उगाने और पशुओं को पालने के लिए प्राकृतिक प्रक्रियाओं और सामग्रियों पर निर्भर करती हैं। इसमें कीटनाशकों, उर्वरकों और रसायनों का उपयोग नहीं किया जाता बल्कि मिट्टी के स्वास्थ्य और पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाए रखने के लिए खाद, गोबर और फसल चक्र का उपयोग किया जाता है। जैविक खेती टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देती है, मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखती है, प्रदूषण को कम करती है और जैव-विविधता की भी रक्षा करती है।

ब्रिटिश वनस्पतिशास्त्री सर अल्बर्ट हॉवर्ड को आधुनिक जैविक कृषि का जनक कहा जाता है। वे पहले व्यक्ति थे जिन्होंने पारंपरिक कृषि में आधुनिक वैज्ञानिक ज्ञान और विधियों को लागू किया था।

जैविक विधि द्वारा खेती करने से उत्पादन की लागत तो कम होती ही है इसके साथ ही अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार की स्पर्धा में जैविक उत्पाद अधिक खरे उतरते हैं। जिसके फलस्वरूप सामान्य उत्पादन की अपेक्षा कृषकों को भी अधिक लाभ प्राप्त होता है। मानव जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए नितांत आवश्यक है कि प्राकृतिक संसाधन प्रदूषित न हो, शुद्ध वातावरण रहे एवं पौष्टिक आहार मिलता रहे, इसके लिए हमें जैविक खेती की कृषि पद्धतियों को अपनाना होगा जो कि हमारे नैसर्गिक संसाधनों एवं मानवीय पर्यावरण को प्रदूषित किए बगैर समस्त जनमानस को खाद्य सामग्री उपलब्ध करा सकेगी तथा हमें खुशहाल जीने की राह दिखा सकेगी।

राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड गुजरात के आणंद जिले के मुजकुवा गाँव के साथ इस दिशा में उत्साह पूर्वक कार्य कर रहा है | 'मुजकुवा जैविक कृषि सहकारी समिति' की स्थापना इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है | यह समिति जैविक खेती के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण विकास में योगदान करने के लिए काम करती है, जो भारत सरकार की परंपरागत कृषि विकास योजना जैसी पहलों से प्रेरित है।

(i) 'जैविक खेती', कृषि की एक ऐसी विधि है जिसमें फ़सल उगाने के लिए : (1)

(क) आधुनिक संसाधनों का प्रयोग किया जाता है

(ख) कीटनाशकों और रासायनिक खाद का प्रयोग किया जाता है

(ग) प्राकृतिक प्रक्रियाओं और संसाधनों का प्रयोग किया जाता है

(घ) मिट्टी में उर्वरकों का भरपूर प्रयोग किया जाता है

(ii) मिट्टी के स्वास्थ्य से अभिप्राय नहीं है: (1)

(क) मिट्टी की गुणवत्ता (ख) मिट्टी की विविधता

(ग) मिट्टी की पोषकता (घ) मिट्टी की उर्वरता

(iii) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनकर लिखिए : (1)

कथन: मानव-जीवन की खुशहाली के लिए जैविक खेती एक उत्तम पद्धति है।

कारण: यह प्रकृति और पर्यावरण को दूषित किए बिना पोषक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराती है।

विकल्प :

(क) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

(ख) कारण सही है, लेकिन कथन ग़लत है।

(ग ) कथन सही है, लेकिन कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं करता है।

(घ) कथन और कारण दोनों सही हैं, तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(iv) जैविक खेती किसानों के लिए लाभप्रद कैसे है ? (2)

(v) वर्तमान समय में जैविक खेती को बढ़ावा क्यों दिया जा रहा है ? (2)

**खंड - 'ख'**

**(व्यावहारिक व्याकरण )**

3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (4X1=4)

(i) 'हरिहर काका अनाथ और बेसहारा जीवन जी रहे थे।' वाक्य में से संज्ञा पदबंध चुनकर लिखिए।

(ii) किसी वाक्य में क्रिया-विशेषण पदबंध की पहचान कैसे की जाती है ?

(iii) 'सामान <u>उस कमरे के बाहर</u> रखा था। वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(iv) 'सदा शोर मचाने वाले तुम आज चुप क्यों हो ?' वाक्य में से सर्वनाम पदबंध को पहचानकर लिखिए।

(v) <u>'मिलती-जुलती कुछ</u> आदतें हम सभी की थीं। वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

4. 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए: (4X1=4)

(i) 'योजना यह है कि वह किसी तरह नेपाल पहुँच जाए।' रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद का नाम लिखिए।

(ii) 'सुलेमान ने उनकी बातें सुनी और थोड़ी दूरी पर रुक गए ।' मिश्र वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(iii) 'हरिहर काका नाराज होकर घर से निकल पड़े।' संयुक्त वाक्य में बदलिए।

(iv) 'यदि हरिहर काका जैसे लोग आसपास हों तो उनकी सहायता करनी चाहिए। सरल वाक्य में बदलिए।

(v) मिश्र वाक्य का एक उदाहरण लिखिए।

5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (4X1=4)

(i) 'बिना वजह' विग्रह का समस्तपद बनाकर समास का नाम लिखिए।

(ii) 'चक्रपाणि' समस्तपद का विग्रह कीजिए और समास का भेद लिखिए।

(iii) 'द्वंद्व समास' में कौन-सा पद प्रधान होता है?

(iv) 'क्रोधाग्नि' समस्तपद का विग्रह करके समास का भेद बताइए।

(v) 'सात सौ दोहों का समाहार' समस्तपद लिखकर समास का भेद लिखिए।

6. निर्देशानुसार 'मुहावरों' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (4X1=4)

(i) भाई साहब का रौद्र रूप देखकर तो मेरे ........................ जाते । - उचित मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।

(ii) दहेज प्रथा के विरोध में हम सभी को मिलकर .......................... चाहिए । - उचित मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।

(iii) मैं जो कुछ कहता हूँ, उसे गिरह बाँधिए, नहीं पछताइयेगा ।' - प्रस्तुत कथन में से मुहावरा छाँटकर उसका वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(iv) 'अनुपयोगी/बेकार वस्तु' इस अर्थ को व्यक्त करने वाला मुहावरा लिखिए ।

(v) 'राह न सूझना' - मुहावरे से इस प्रकार वाक्य बनाइए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए ।

## खंड - 'ग'

## (पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक)

7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक सटीक विकल्प का चयन कीजिए : (5X1=5)

राज कपूर ने एक अच्छे और सच्चे मित्र की हैसियत से शैलेंद्र को फ़िल्म की असफलता के खतरों से आगाह भी किया। पर वह तो एक आदर्शवादी भावुक कवि था, जिसे अपार संपत्ति और यश तक की इतनी कामना नहीं थी, जितनी आत्म-संतुष्टि के सुख की अभिलाषा थी। 'तीसरी कसम' कितनी ही महान् फ़िल्म क्यों न रही हो, लेकिन यह एक दुःखद सत्य है कि इसे प्रदर्शित करने के लिए बमुश्किल वितरक मिले। बावजूद इसके कि 'तीसरी कसम' में राज कपूर और वहीदा रहमान जैसे नामजद सितारे थे, शंकर-जयकिशन का संगीत था, जिनकी लोकप्रियता उन दिनों सातवें आसमान पर थी और इसके गीत भी फ़िल्म के प्रदर्शन के पूर्व ही बेहद लोकप्रिय हो चुके थे, लेकिन इस फ़िल्म को खरीदने वाला कोई नहीं था। दरअसल इस फ़िल्म की संवेदना किसी दो से चार बनाने का गणित जानने वाले की समझ से परे थी। उसमें रची-बसी करुणा तराज़ू पर तौली जा सकने वाली चीज़ नहीं थी।

(i) राज कपूर ने शैलेंद्र को किस बात से आगाह किया था ?

(क) फ़िल्म का किसी को समझ न आने वाली बात से।
(ख) फ़िल्म से आर्थिक लाभ न मिलने वाली बात से।
(ग) फ़िल्म निर्माण में होने वाली परेशानियों से ।
(घ) फ़िल्म की संभावित असफलता के खतरों से ।

(ii) शैलेंद्र को किस प्रकार का व्यक्ति माना जा सकता है ?

(क) कुशल फ़िल्म निर्माता
(ख) प्रसिद्ध गीतकार
(ग) आदर्शवादी भावुक कवि
(घ) आत्म-संतुष्ट व्यक्ति

(iii) 'तीसरी कसम' फ़िल्म का दुःखद सत्य क्या था ?

(क) फिल्म के लिए खरीददार का न मिलना।
(ख) लोगों का फ़िल्म को न समझ पाना।
(ग) फ़िल्म का रूपहले पर्दे पर न पहुँच पाना।
(घ) फिल्म को प्रसिद्धि न मिल पाना।

(iv) गद्यांश में आई पंक्ति 'दो से चार बनाने का गणित' का अर्थ है :

(क) अधिक से अधिक धन कमाना।
(ख) संख्याओं को जोड़ने का हिसाब।
(ग) अधिक से अधिक मुनाफ़ा कमाना।
(घ) संख्याओं को गुणा करने का हिसाब।

(v) "उसमें रची-बसी करुणा तराज़ू पर तौली जा सकने वाली चीज़ नहीं थी।" पंक्ति का आशय है :

(क) यह करुणा अनुभूति का विषय थी, नाप-तोल का नहीं
(ख) यह करुणा बुद्धि का विषय थी, नाप-तोल का नहीं।
(ग) यह करुणा हृदय का विषय थी, नाप-तोल का नहीं।
(घ) यह करुणा भावना का विषय थी, नाप-तोल का नहीं।

8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए : (3x2=6)

(i) बड़े भाईसाहब को तात्कालिक शिक्षा व्यवस्था से क्या-क्या शिकायतें थीं ? 'बड़े भाईसाहब कहानी के आधार पर लिखिए।

(ii) ततँारा किसी के सामने अपनी तलवार का प्रयोग नहीं करता था, परंतु पशु-पर्व में अपने क्रोध को शांत करने के लिए उसने सबके सामने अपनी तलवार का उपयोग किया । पशु-पर्व में ततँारा के क्रोधित होने के कारणों पर प्रकाश डालिए ।

(iii) वर्तमान में लगभग पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन और विविध प्रकार के प्रदूषणों की चपेट में है। 'अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर बताइए कि प्रकृति में आए इन परिवर्तनों के क्या कारण हैं ?

(iv) लेखक ने चा-नो-यू विधि को जापानियों के लिए वरदान क्यों माना है ? 'झेन की देन' पाठ के संदर्भ में लिखिए।

9. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनिए : (5X1=5)

अब तो बहरहाल
छोटे लड़कों की घुड़सवारी से अगर यह फ़ारिग हो
तो उसके ऊपर बैठकर
चिड़ियाँ ही अकसर करती हैं गपशप
कभी-कभी शैतानी में वे इसके भीतर भी घुस जाती हैं
खास कर गौरैयें
वे बताती हैं कि दरअसल कितनी भी बड़ी हो तोप
एक दिन तो होना ही है उसका मुँह बंद ।

(i) 'छोटे बच्चे उसकी घुड़सवारी कर रहे हैं' - इस कथन से क्या अभिप्राय है ?
(क) तोप पर छोटे-छोटे बच्चों को घुड़सवारी का आनंद मिल रहा है।
(ख) आज़ाद भारत के छोटे बच्चों ने ही तोप की शक्ति को नियंत्रित कर लिया है।
(ग) छोटे बच्चों के लिए अब तोप खिलौना मात्र है।
(घ) अब तोप कंपनी बाग की शोभा है।

(ii) 'अब यह तोप चिड़ियों के बैठने-बतियाने का स्थान हो गया है' - इसका अभिप्राय है :
(क) लड़के तोप से हटते हैं तो चिड़ियाँ आराम करती हैं।
(ख) इस तोप की अहमियत क्षीण हो गई है।
(ग) चिड़ियों को उठने-बैठने की अच्छी जगह मिल गई है।
(घ) चिड़ियाँ भी तोप से भयभीत नहीं होती हैं।

(iii) विनाशकारी विरासती तोप की सँभाल के पीछे क्या कारण हो सकता है ?
(क) स्वतंत्रता आंदोलन का हिस्सा होना ।
(ख) कंपनी बाग के मुहाने की शान होना ।
(ग) ईस्ट इंडिया कंपनी की विशेष तोप होना ।
(घ) देश की स्वतंत्रता के लिए घातक शत्रुओं से सावधान करना ।

(iv) कंपनी बाग के मुहाने पर रखी तोप क्या सीख देती है ?
(i) तोप का अंत निश्चित है।
(ii) बच्चे और पक्षी किसी से नहीं डरते ।
(iii) आततायी के आतंक का अंत निश्चित है।
(iv) शक्ति के अहंकार में दूसरों पर अत्याचार नहीं करने चाहिए।

विकल्प :

(क) (ii) और (iv) दोनों

(ख) (1) और (ii) दोनों

(ग) (1) और (iii) दोनों

(घ) (iii) और (iv) दोनों

(v) दरअसल कितनी भी बड़ी हो तोप
एक दिन तो होना ही है उसका मुँह बंद ।

उपर्युक्त पंक्तियों का भाव है -

(क) सामने वाले को कमज़ोर समझना बड़ी भूल है।

(ख) बड़ी तोप के काम करने की भी सीमा होती है।

(ग) बड़ा समझे जाने से कोई बड़ा नहीं होता ।

(घ) मज़बूत शक्ति को भी एकता-शक्ति के आगे झुकना ही पड़ता है।

10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए : (3x2=6)

(i) कबीर की साखी के अनुसार उनके रुदन का कारण स्पष्ट कीजिए।

(ii) 'मनुष्यता' कविता के संदर्भ में लिखिए कि पशु-प्रवृत्ति क्या है ? पशु-प्रवृत्ति मानव के लिए निंदनीय क्यों है ?

(iii) बादलों से पर्वत के छिप जाने पर कवि की कल्पना, 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(iv) 'आत्मत्राण' कविता को पढ़ने के बाद, उसके कवि की किन दो विशेषताओं को आप अपने चरित्र में समायोजित करना चाहेंगे और क्यों ?

11. पूरक पाठ्य पुस्तक 'संचयन' के निर्धारित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : (2x3=6)

(i) हरिहर काका के परिवार ने ठाकुरबारी से लौटने के बाद उन्हें 'बहूमूल्य वस्तु' जैसे सहेज कर रखा । यदि उनका परिवार पहले से ही उन्हें उचित प्यार-आदर देता तो स्थिति कैसी होती ? कहानी के आधार पर लिखिए ।

(ii) 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर लिखिए कि टोपी शुक्ला के बार-बार फेल होने के पीछे क्या कारण रहे होंगे। शिक्षा व्यवस्था में परिवर्तन लाने के लिए अपने सुझाव भी दीजिए ।

(iii) 'सपनों के से दिन' पाठ में अंग्रेजों द्वारा गाँव के लोगों को सेना में भर्ती करने के लिए नौटंकी का सहारा लिया गया। वर्तमान समय में प्रचार-प्रसार के साधनों में, तरीकों में क्या अंतर आया है ?

## खंड - 'घ'

## (रचनात्मक लेखन)

12. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 100 से 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : (1x5=5)

(क) सोशल मीडिया: एक संचार क्रांति

- सोशल मीडिया क्या है?
- संचार के क्षेत्र में क्रांति कैसे ?
- युवाओं पर प्रभाव
- समस्याएँ/ निष्कर्ष

(ख) स्वरोजगार : बेरोजगारी का समाधान

- स्वरोजगार का अर्थ
- वर्तमान में इसकी आवश्यकता क्यों ?
- देश की अर्थव्यवस्था में सहायक
- समस्याएँ / निष्कर्ष

(ग) तीव्र विकास और जलवायु परिवर्तन

- तीव्र विकास का आशय
- वर्तमान में चर्चा क्यों ?
- जलवायु पर प्रभाव
- समाधान/निष्कर्ष

13. (क) प्रधानाचार्य, क.ख.ग. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की ओर से जिला के मुख्य चिकित्साधिकारी को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए जिसमें विद्यालय के छात्रों के स्वास्थ्य परीक्षण का निवेदन किया गया हो। (1x5=5)

**अथवा**

(ख) आपके क्षेत्र में स्थित स्टेडियम के स्थापना दिवस की वर्षगाँठ के अवसर पर दिव्यांग बच्चों द्वारा भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की प्रार्थना करते हुए दूरदर्शन निदेशक को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।

14. (क) विद्यालय के खेल सचिव की ओर से लगभग 60 शब्दों में सूचना प्रस्तुत कीजिए कि नवीं-दसवीं कक्षा के बीच अग्रिम सप्ताह अन्तर्विद्यालयी 'क्रिकेट मैच' खेला जाएगा । उसके लिए अधिकाधिक छात्रों की उपस्थिति वांछनीय है । (1x4=4)

**अथवा**

(ख) 'गाँधी स्मारक निधि' की ओर से अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में विद्यालय में भाषण और कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कक्षा छह से लेकर बारहवीं कक्षा तक के छात्रों को इस जानकारी से अवगत कराने हेतु एक सूचना लगभग 60 शब्दों में तैयार कीजिए ।

15. (क) आपको अपनी 'रेसिंग' साइकिल बेचनी है। उससे संबंधित जानकारी देते हुए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए । (1x3=3)

**अथवा**

(ख) कोई कंपनी जैविक फल-सब्जी बाज़ार में लाना चाहती है, उसके प्रचार-प्रसार के लिए एक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए।

16. (क) जब मानव ने स्वयं को पक्षियों की भाँति छोटा करने की शक्ति हासिल की और डिब्बेनुमा घरों में पेड़ पर रहने लगा। तब..... इस कथा को लगभग 100 शब्दों में पूरा कीजिए। (1x5=5)

**अथवा**

(ख) आपने ऑनलाइन कुछ पुस्तकें मँगवाई थीं लेकिन आपकी पुस्तकें आपके ऑर्डर के अनुरूप नहीं आई हैं। इसकी शिकायत करते हुए प्रबंधक महोदय को लगभग 100 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।